स्पोर्ट्स हब में टेबिल टेनिस टूर्नामेंट का आगाज

- सेमीफाइनल में पद्मपत व दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर जीते
- तीन दिनी टूर्नामेंट में भाग ले रहे पांच सौ से ज्यादा खिलाड़ी
- स्पोर्ट्स सिटी के नाम से जाना जाएगा कानपुर : मंडलायुक्त

■ कानपुर (एसएनबी)।

अभी तक गंगा के अलावा औद्योगिक, हैरिटेज और तकनीकी शिक्षा क्षेत्र के रूप में ही कानपुर शहर को जाना जाता था, मगर अब यह स्पोर्ट्स सिटी के नाम से भी जाना जाएगा। आने वाले समय में कानपुर के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन करेंगे। यह बात मंडल आयुक्त डॉ. राजशेखर ने कहा कि कानपुर स्मार्ट सिटी और द स्पोर्ट्स हब के संयुक्त तत्वावधान में 'द स्पोर्ट्स हब' के ओलंपियाड हॉल में 20 से 22 जनवरी तक आयोजित किये जा रहे टेबिल टेनिस टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर कही।



स्पोर्ट्स हब के ओलम्पियाड हॉल में बिगेस्ट इनडोर स्पोर्ट्स इवेंट्स के शुभारंभ पर टेबिल टेनिस मैच खेलते मंडलायुक्त डॉ. राजशेखर व संजीव पाठक। फोटो : एसएनबी

उक्त आयोजन का उद्घाटन आईआईटी के निदेशक अभय करंदीकर, मंडल आयुक्त व कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. राजशेखर, गोल्डी ग्रुप के निदेशक सुदीप गोयनका और उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसियेशन के अध्यक्ष संजीव पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर एमएचपीएल प्रबंध निदेशक पीयूष अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। मंडल आयुक्त ने कहा कि हर्ष का विषय है कि उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा टेबिल टेनिस टूर्नामेंट कानपुर के द स्पोर्ट्स हब में आयोजित हो रहा है, जो खिलाड़ी नेशनल व इंटरनेशलन लेवल पर परफार्मेंस देंगे, उन्हें टीएसएच की ओर से प्रोत्साहित किया जायेगा। डॉ. राजशेखर ने कहा कि द स्पोर्ट्स हब की तर्ज पर प्रदेश के अन्य शहरों में भी प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस तरह के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाये जायेंगे।

'द स्पोर्ट्स हब' के ओलंपियाड हॉल में 20 से 22 ज़नवरी तक आयोजित किये जा रहे इस सबसे बड़े इंडोर स्पोर्ट्स इवेंट में मिनी से लेकर वेटरन वर्ग के तकरीबन पांच सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जबकि टूर्नामेंट में सर पद्मपत सिंहानिया व डीपीएस आजाद नगर स्कूल की टीम ने 'द स्पोर्ट्स हब' टेबिल टेनिस टूर्नामेंट के सीनियर बालिका वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

खेले गये सेमीफाइनल मैच में सर पद्मपत सिंहानिया ने जय नारायण विद्या मंदिर की टीम को 30-0 से हराकर फाइनल खेलने के लिये स्थान सुरक्षित कर लिया। दूसरे सेमी फाइनल में डीपीएस आजाद नगर ने केके गर्ल्स कॉलेज की टीम को 3-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। रविवार 22 जनवरी को प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण होगा। तीन दिवसीय इस टूर्नामेंट में सभी स्पर्धाओं में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः पांच हजार, तीन हजार और दो हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जायेगा। इसके अलावा हर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को विशेष रूप से पुरस्कृत किया जायेगा।